Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-११-१२ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ - ३० जून २०२२ (संयुक्तांक) पृष्ठ १२ मूल्य:१० रु.मात्र (रंगीन सहित)




## हमारा लक्ष्य है गरीब कल्याण की उपलब्धि -पीएम मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चेन्नई में ३१,५०० करोड़ रुपये से अधिक की ११ परियोजनाओं का लोकार्पण किया और आधारशिला रखी। ये परियोजनायें क्षेत्र में अवंसरचना विकास में तेजी लायेंगी,संपर्कता बढ़ायेंगी और जीवन सुगमता को गति देंगी। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन और अन्य लोग उपस्थित थे। उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु फिर से आने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने शुरूआत में ही कहा, ”तमिलानाडु आना सदैव अच्छा लगता है। यह भूमि विशिष्ट है। राज्य के लोग, संस्कृति और भाषा असाधारण हैं।“ उन्होंने कहा कि तमिलनाडु से हमेशा कोई न कोई सर्वश्रेष्ठ काम करता रहता है। उन्होंने डेफलिम्पिक्स में भारतीय दल का अपने द्वारा किये गये आथित्य को याद करते हुये कहा, ”इस बार टूर्नामेंट में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। उन्होंने कहा कि मदुरै-टेनी रेलवे आमान परिवर्तन परियोजना से किसानों को सहायता मिलेगी, क्योंकि तब उन्हें नये बाजार मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है गरीब कल्याण की उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान हमारे स्वंत्रता संग्राम सेनानियों के सपनों को पूरा करने के लिये देश के सामूहिक संकल्प को दोहराते हुये अपनी बात पूरी की।

## रेलवे सुरक्षा को ”सबका प्रयास” के माध्यम से किया जाएगा मजबूत: अश्विनी वैष्णव



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। विज्ञान भवन में एक भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की अध्यक्षता की और वर्ष २०१६, २०२० और २०२१ के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जीवन रक्षा पदक श्रृंखला से सम्मानित १०४ आरपीएफ कर्मियों का सम्मान किया। दिनांक २७ मई २०२२ को समारोह में कई विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित थे जिसमें वी के त्रिपाठी, अध्यक्ष और सीईओ, रेलवे बोर्ड, राजिंदर खन्ना, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, भारत सरकार और राकेश अस्थाना, पुलिस आयुक्त, दिल्ली शामिल थे। समारोह में एक मार्मिक क्षण भी आया जब स्वर्गीय जगबीर सिह की पत्नी सुनीता देवी मंत्री से सम्मान प्राप्त करने के लिए मंच तक गईं। बतादें कि उनके पति स्वर्गीय जगबीर सिंह ने आदर्शनगर-आजादपुर रेल खंड, दिल्ली के बीच रेलवे ट्रैक पर ४ बच्चों की अनमोल जान बचाते हुए ड्यूटी पर अपने प्राणों की आहुति दे दी। अपने उद्घाटन भाषण में, डीजी/आरपीएफ ने रेलवे की संपत्ति की रक्षा करने वाले बल से आरपीएफ को सहानुभूति और करुणा के साथ यात्रियों की सेवा करने वाली इकाई में बदलने के बारे में संक्षेप में बताया। उन्होंने आरपीएफ की विभिन्न उपलब्धियों और यात्री सुरक्षा और सहायता, बच्चों को बचाने, मानव तस्करी, प्रौद्योगिकी के उपयोग, सामुदायिक पहुंच के क्षेत्र में की जा रही पहलों को रेखांकित किया। उन्होंने ”सेवा ही संकल्प” के उद्देश्य से व्यक्त बल के सेवा लक्ष्य को उचित रूप से समझाया। समारोह मे रेलमंत्री ने यह संकेत दिया कि ”सबका प्रयास” के माध्यम से रेलवे सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा। रेल मंत्री ने जगाधरी, हरियाणा में आरपीएफ कमांडो (कोरस) प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए ३० करोड़ रुपये की मंजूरी की भी घोषणा की।

## श्री रामायण यात्रा के लिए चलाई जाएगी पहली ट्रेन




साभारः रेल मंत्रालय द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन चलाने की योजना बनाई गयी थी। आईआरसीटीसी द्वारा पहली भारत गौरव ट्रेन २१ जून से प्रारंभ की जा रही है। यह ट्रेन स्वदेश दर्शन के अंतर्गत चिन्हित रामायण सर्किट पर प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े स्थलों का पर्यटन कराएगी। नेपाल स्थित जनकपुर मे राम जानकी मंदिर का भ्रमण भी ट्रेन टूर में शामिल होगा। २१ जून को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से १८ दिनों के टूर पर रवाना होगी ‘भारत गौरव’ एसी पर्यटक ट्रेन। आईआरसीटीसी की भारत गौरव ट्रेन में एसी तृतीय श्रेणी के कुल १० कोच यात्रियों के लिए होंगे जिसमें कुल ६०० यात्री यात्रा कर सकेंगे। इस पर्यटक ट्रेन में पैन्ट्री कोच की सुविधा होगी जिससे पर्यटकों को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा। साथ ही इन्फोटेन्मेंट सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, सिक्युरिटी गार्ड इत्यादि की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी। मेसर्स आर. के. एसोसिएटस् , इस भारत गौरव ट्रेन के लिए आईआरसीटीसी के साथ सर्विस पार्टनर रहेगा। आईआरसीटीसी ने टूर के बुकिंग प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए पेटीएम व रेजरपे जैसी पेमेंट गेटवे संस्थाओं से करार किया है जिससे भुगतान डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आसान किश्तों में किया जा सके। भगवान श्रीराम में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। भारतीय रेलवे का उपक्रम आईआरसी टीसी, रेल मंत्रलय द्वारा उद्घोषित भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन शुरू करने जा रहा है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक साज सज्जा के साथ तैयार

शेष पेज नं.-२

# श्री रामायण यात्रा के लिए चलाई जाएगी पहली ट्रेन





पहली वातानुकूलित भारत गौरव ट्रेन श्री रामायण यात्रा के लिए चलाई जाएगी। यह विशेष पर्यटक ट्रेन दिल्ली से २१ जून को प्रारंभ होगी व पर्यटकों को प्रभु श्रीराम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का भ्रमण व दर्शन कराएगी। पूरी यात्र में कुल १८ दिन लगेंगे। यात्र का पहला पड़ाव प्रभु श्री राम का जन्म स्थान अयोध्या होगा जहां श्री राम जन्मभूमि मंदिर श्री हनुमान मंदिर व नंदीग्राम में भरत मंदिर का दर्शन कराया जाएगा। अयोध्या से रवाना होकर यह ट्रेन बक्सर जाएगी जहां श्री विश्वामित्र जी का आश्रम व रामरेखा घाट पर गंगा स्नान का कार्यक्रम होगा। यहाँ से ट्रेन सीतामढ़ी जाएगी जहां जानकी जन्म स्थान वह नेपाल के जनकपुर स्थित राम जानकी मंदिर का दर्शन प्राप्त किया जा सकेगा। ट्रेन का अगला पड़ाव भगवान शिव की नगरी काशी होगा जहां से पर्यटक बसों द्वारा काशी के प्रसिद्ध मंदिरों सहित सीता समाहित स्थल, प्रयाग, श्रृंगवेरपुर, व चित्रकूट की यात्रा करेंगे। इस दौरान काशी प्रयाग व चित्रकूट में रात्रि विश्राम होगा। चित्रकूट से चलकर यह ट्रेन नासिक पहुंचेगी जहां पंचवटी व त्रयंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण किया जा सकेगा। नासिक के पश्चात प्राचीन किष्किंधा नगरी हंपी इस ट्रेन का अगला पड़ाव होगा जहां अंजनी पर्वत स्थित श्री हनुमान जन्म स्थल व अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक व विरासत मंदिरों का दर्शन कराया जाएगा। हम्पी के पश्चात रामेश्वरम इस ट्रेन का अगला पड़ाव होगा। रामेश्वरम में पर्यटकों को प्राचीन शिव मंदिर व धनुषकोडी का दर्शन लाभ प्राप्त होगा। रामेश्वरम से चलकर यह ट्रेन कांचीपुरम पहुंचेगी जहां शिव कांची, विष्णु कांची और कामाक्षी माता मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। इस ट्रेन का अंतिम पड़ाव तेलंगाना राज्य में स्थित भद्राचलम होगा जिसे दक्षिण की अयोध्या के नाम से भी जाना जाता है। यह ट्रेन १८ वें दिन दिल्ली वापस पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन द्वारा लगभग ८००० किलोमीटर की यात्रा पूरी की जाएगी। इस पूर्णतया वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन में ऐसी तृतीय श्रेणी के कोच होंगे। साथ ही आधुनिक किचन कार से यात्रियों को उनकी बर्थ पर ही शाकाहारी स्वादिष्ट भोजन परोसा जाएगा। ट्रेन में यात्रियों के मनोरंजन व यात्रा की जानकारी आदि प्रदान करने हेतु इन्फोटेन्मेंट सिस्टम भी लगाया गया है। स्वच्छ शौचालय के साथ ही सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरे भी प्रत्येक कोच में उपलब्ध रहेंगे। भारत गौरव पर्यक ट्रेन, भारत सरकार की पहल देखो अपना देश के अनुरूप, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही है। आईआरसीटीसी ने इस १८ दिनों की यात्रा के लिए रु ६२३७०/- प्रति व्यक्ति का शुल्क निर्धारित किया है। इस टूर पैकेज की कीमत में यात्रियों को रेल यात्र के अतिरिक्त स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन, बसों द्वारा पर्यटक स्थलों का भ्रमण, एसी होटलों में ठहरने की व्यवस्था, गाइड व इंश्योरेंस आदि कि सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार/पीएसयू के कर्मचारी इस यात्रा पर वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर पात्रता के अनुसार एलटीसी सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं। भुगतान के लिए कुल राशि को ३, ६, ९, १२, १८ व २४ महीनों की किश्तों मे पूरा किया जा सकेगा। किश्तों मे भुगतान की यह सुविधा डेबिट व क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बुकिंग करने पर उपलब्ध रहेगी। यात्रा की पूरी अवधि के दौरान आईआर सीटी-सी की टीम स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रोटोकॉल का ध्यान रखेगी एवं यात्रियों को सुरक्षित व चिंता मुक्त अनुभव देने का प्रयास करेगी। सभी पर्यटकों और कर्मचारियों का तापमान जांच व हॉल्ट स्टेशनों पर बार-बार ट्रेन सेनिटाइजेशन आदि सुनिश्चित किया जाएगा। सभी कर्मचारियों की अच्छी तरह से जांच की जाएगी और प्रत्येक भोजन सेवा के बाद रसोई और रेस्तरां को साफ व सेनिटाइज किया जाएगा। इस यात्रा की बुकिंग के लिए १८ वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के प्रत्येक यात्री को कॉविड के टीके का दोनों डोज लगा होना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट https://www.irctctourism.com पर जा सकते हैं और ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं। बुकिंग की सुविधा आधिकारिक वेबसाइट पर, पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। 8287930202, 8287930297.

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, लगातार परिश्रम करते रहें- नंद गोपाल गुप्ता



रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज में अध्ययनरत स्नातक तथा परास्नातक अंतिम वर्ष के छात्र –छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तकनीकी सशक्तिकरण हेतु रविवार को सरस्वती परिसर के अटल प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने परास्नातक अंतिम वर्ष के ६३४ तथा स्नातक अंतिम वर्ष के १२२ छात्र- छात्रओं को एवं स्मार्टफोन का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन आर आई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने १००० की क्षमता वाले अटल प्रेक्षागृह में उपस्थित शिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सकारात्मकता सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचा सकती है इसलिए अपने जीवन में कभी भी नकारात्मकता को स्थान न दें और मन को कमजोर न होने दें। श्री नंदी ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। जहां विलक्षण प्रतिभा का अक्षय भंडार उपस्थित है। युवा किसी भी राष्ट्र के इतिहास निर्माता एवं दिशा प्रदानकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र एवं वैश्विक स्तर पर अपनी विलक्षण प्रतिभा के द्वारा सकारात्मक योगदान प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वह संघर्षो से न घबराएं, सफलता उनके कदम चूमेगी। नंदी ने अपना उदाहरण देते हुए बताया कि प्रारंभ में उन्होंने भी कठिन संघर्ष किया और आज देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में तीसरी बार कैबिनेट मंत्री के पद पर पहुंचे हैं।

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# Former Adviser to the Prime Minister Shri Bhaskar Khulbe visited BLW

SOURCE:CPRO- On this occasion Mr. Khulbe visited various shops of Banaras Locomotive Works. It may be noted that Mr. Bhaskar Khulbe, a former advisor to the Prime Minister, is a 1983 batch retired IAS officer. Shri Khulbe visited various workshops of BLW like Loco Frame Shop, Loco Assembly Shop, New Block Shop during his factory visit, where he observed the works related to production of Electric Locomotives. During the visit, General Manager Anjali Goyal briefed Mr. Khulbe in detail about the production activities, construction facilities, ongoing projects in BLW as well as the production process and other technical subjects. During this, the Chief Electrical Engineer of BLW Mr. Rajesh Kumar Rai, Chief Mechanical Engineer/Production and Marketing Mr. Neeraj Jain, Chief Electrical Engineer/ Loco Mr. M.K. Gupta, Senior Deputy General Manager Shri Vijay, Deputy Chief Mechanical Engineer/ Loco Shri Arun Kumar Sharma were present.

# Vinay Kumar Saxena appointed as the new administrator of Delhi



SOURCE:CPRO- After the resignation of Anil Baijal, Saxena became the Lieutenant Governor of Delhi. Vinay Kumar Saxena is the chairman of Khadi and Village Industries Commission Appointment of new Lieutenant Governor in Delhi after the decision of the Central Government Orders for the appointment of Vinay Kumar Saxena issued from Rashtrapati Bhavan President Ram Nath Kovind issued orders Kanpur University student Vinay Kumar Saxena's name is associated with Khadi It is said that Saxena played a big role in making Khadi a brand. Vinay Kumar Saxena also has a pilot's license Vinay Kumar Saxena has been the chairman of many committees Saxena also won many awards while holding these posts.

# 71st Birthday Chief Minister Ashok Gehlot's



Wife Sunita Gehlot congratulated Gehlot on his birthday Many events were organized on Gehlot's birthday across the state. But Chief Minister Ashok Gehlot did not celebrate his birthday. Here, blood donation camps across the state, many events including feeding food to the poor. Friends and well wishers wish Gehlot a happy birthday in their own style. At the same time, people of national and state politics also congratulated Gehlot. PM Narendra Modi, Sonia Gandhi wish Gehlot on



his birthday. Rahul and Priyanka Gandhi Vadra, Governor Kalraj Mishra, Former CM Vasundhara Raje, Congress State President Govind Singh Dotasara, Former Deputy CM Sachin Pilot, BJP State President Satish Poonia, Assembly



Speaker CP Joshi, Leader of Opposition Gulabchand Kataria and BD Kalla, including Shanti Dhariwal All ministers and MLAs wish Gehlot a happy birthday. On the other hand, Gehlot canceled all the events due to loudspeaker-flag dispute in Jodhpur. There was an influx of birthday wishes outside Gehlot's residence. But Gehlot appealed to the people and the visitors saying that

I am keeping an eye on the developments in Jodhpur, send your message

Please do not come to the Chief Minister's residence to wish

Today all events have been canceled

It is worth mentioning that today a coincidence was made on the birthday of Ashok Gehlot.

Coincidence of the festival of Lord Parshuram Jayanti, Akshaya Tritiya and Eid

Gehlot has made his own identity in politics not only in the state but across the country.

Gehlot has made a different place in his political career of 50 years

Influenced by the ideas of Mahatma Gandhi, Gehlot entered politics.

> हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
> डॉ जाकिर हुसैन

# टूंडला: स्वचालित सीढ़ियों का सांसद चंद्रसैन जादौन ने किया शुभारम्भ




रे.स.ब्यूरो./संवा. टूंडला। सांसद डा. चंद्रसैन जादौन ने रेलवे स्टेशन पर स्वचलित सीढ़ियों के उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि टूंडला रेलवे स्टेशन प्रयागराज मंडल का महत्वपूर्ण स्टेशन है। इस स्टेशन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी को देखते हुए स्वचलित सीढ़ियों का उद्घाटन किया गया है। इसके चालू होने से रेल यात्रियों का अब चढ़ने उतरने में काफी राहत मिलेगी खासकर बुजुर्ग लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन पर अन्य सुविधाओं पर भी ध्यान रखा जा रहा है। जल्द ही अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे रेल यात्रियों को लाभ मिल सके।

इस दौरान मंडल यातायात प्रबंधक जे संजय कुमार, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम, प्रेमचंद्र शास्त्री, रंजन उपाध्याय, रामतीर्थ सिंह चक, रूपेश शुक्ला, जितेन्द्र शर्मा, सुशील पोनिया, गौतम सिंह नौहवार, दीपक राजोरिया, दुष्यंत जादौन, सतेन्द्र धनगर, संजय परमार, जितेन्द्र प्रताप सिटी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मंदिर चाहिये या रोजगार ?

इस प्रश्न में दूषित मानसिकता छिपी है। लेकिन क्या इसका उत्तर वही है, जो हम दे रहे है। पिछले दिनों मैं अपने परिवार के साथ मंदिर गया । पूजा से पहले दुकान से प्रसाद लिया, चढ़ाने के लिए माला ली । हम तो तुरंत दर्शन कर लिये, बाकी लोग विधि विधान के साथ पूजा पाठ कर रहे थे।

जिज्ञासु प्रवृत्ति से मैं मंदिर के चारों तरफ घूमने लगा। हर दुकान, हर ठेलिया को देखे कौन क्या बेच रहा है। फिर सब लोग एक जगह चाट खाये, एक जगह जलेबी, फिर एक दुकान से महिलाओं ने अपने लिए श्रृंगार आदि के सामान लिए फिर आगे आकर सब लोग चाय पीये। फिर अचानक ध्यान आया यह मंदिर दो से ढाई हजार लोगों को रोजगार दे रहा है। यह काम तो हजार करोड़ लगाकर कोई कम्पनी नहीं कर सकती है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात है। मंदिर किसको रोजगार दे रहा है ! यह वह लोग है, जिनके पास किसी संस्थान से डिग्री नहीं है। इतना धन नहीं है कि कोई बड़ा निवेश कर सकें। अर्थव्यवस्था में समाज के निचले स्तर के लोग है। मंदिर करोड़ो लोगों को रोजगार देते हैं। कैसे..... ????

- धार्मिक पुस्तक बेचने वालों को और उन्हें छापने वालों को रोजगार देते हैं।
- माला बेचने वालों को घंटी-शंख और पूजा का सामान बेचने वालों को रोजगार देते हैं।
- फूल वालों को माला बनाने और किसानों को रोजगार देते हैं।
- मूर्तियां-फोटुएं बनाने और बेचने वालों को रोजगार देते हैं।
- मंदिर प्रसाद बनाने और बेचने वालों को रोजगार देते हैं।
- कांवड़ बनाने-बेचने वालों को भी रोजगार देते हैं।
- रिक्शे वाले गरीब लोग जो कि धार्मिक स्थल तक श्रद्धालुओं को पहुंचाते हैं उन रिक्शा और आटो चालकों को रोजगार देते हैं।
- लाखों पुजारियों को भी रोजगार देते हैं।
- रेलवे की अर्थव्यवस्था का हिस्सा मंदिरों से चलता है।
- मंदिरों के किनारे जो गरीबों की छोटी-छोटी दुकानें होती है उन्हें भी रोजगार मिलता है।
- मंदिरों के कारण अंगूठी-रत्न बेचने वाले गरीबों का परिवार भी चलता है।
- मंदिरों के कारण दिया बनाने और कलश बनाने वालों को भी तो रोजगार मिलता है।
- मंदिरो से उन खच्चर वालों को रोजगार मिलता है जो कि श्रद्धालुओ श्रद्धालुओं को दुर्गम पहाड़ों पर प्रभु के द्वार तक ले जाते हैं।
- भारत में दो लाख से अधिक जो भी होटल हैं और धर्मशालाएं हैं उनमें रहने वाले लोगों को मंदिर ही तो रोजगार देतें हैं।
- तिलक बनाने वाले- नारियल और सिंदूर आदि बेचने वालों को भी ये मंदिर रोजगार देते हैं।
- गुड-चना बनाने वालों को भी मंदिर रोजगार देते हैं।
- मंदिरों के कारण लाखों अपंग और भिखारियों और अनाथ बच्चों को रोजी-रोटी मिलती है।
- मंदिरों के कारण लाखों वानरों की रक्षा होती है और सांपों की हत्या होने से बचती है।
- मंदिरों के कारण ही हिंदू धर्म में पीपल-बरगद-पिलखन-आदि है वृक्षों की रक्षा होती है।
- मंदिर के कारण जो हजारों मेले हर वर्ष लगते हैं- मेलों में जो चरखा-झूला चलाने वालों को भी तो रोजगार मिलता है।
- मंदिरों के कारण लाखों टूरिस्ट मंदिरों में घूमते हैं और छोटे-छोटे चाय-पकौडे-टिक्की बेचने वाले सभी गरीबों का जीवन यापन भी तो चलता है।

सनातन धर्म उन करोड़ों लोगों को रोजगार देता है जो गरीब हैं। जो ज्यादा पड़े लिखे नहीं हैं और जिन के पास धन-जमीन और खेती नहीं है जो बचपन में अनाथ हो गए।

जिनका कोई नहीं उनका राम है। उनका श्याम है उनका शिव है। यह मंदिर कई सौ वर्ष तक रहेगा। तब तक रोजगार देता रहेगा। यह सामाजिक, धार्मिक उन्नयन का केंद्र है। यदि आर्थिक दृष्टि से देखे तो मंदिर , अपने निवेश से कई हजार गुना रोजगार दे रहा है। शायद हमनें अपनी धार्मिक आस्था के कारण इसको देखा नहीं। हमारे मंदिर, आर्थिक वितरण के बहुत बड़े, स्थाई केंद्र है।

## सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

सम्पादकीय

## मंकी पॉक्स: एक नई चुनौती

दुनिया के सामने मंकी पॉक्स के रूप में एक नई चुनौती आ गई है। पहले महामारी और फिर युद्ध से उपजे मुश्किलात झेलती विभिन्न देशों में अब मंकी पॉक्स के सौ से ज्यादा मामलों की पुष्टि होने के बाद इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। लगभग एक माह पहले तक इसके मामले इतने कम थे कि इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था। लेकिन अब वहीं पिछले कुछ दिनों में ब्रिटेन के साथ-साथ अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया सहित १२ देशों में इसके मरीज पाए जाने की पुष्टि हो गई। जिसके बाद वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने कहा है कि कुछ दिनों में इसके और भी मामले सामने आ सकते हैं। वहीं राहत की बात यह है कि अभी तक इन देशों में इस संक्रमण से किसी की मौत होने की खबर नहीं है। दूसरे, इस वायरस के बारे में अब भी ज्यादा कुछ मालूम नहीं है। हालांकि यह कोई नई बीमारी नहीं है। अफ्रीकी देशों में इसके हजारों मामले हर साल सामने आते हैं। लेकिन यह पहला मौका है जब अफ्रीका से बाहर इतने बड़े इलाके में इसका प्रसार देखा जा रहा है। इतने बड़े पैमाने पर संक्रमण का मतलब है कि यह पिछले कुछ समय से फैल रहा होगा जिस पर किसी का ध्यान नहीं गया। इसका को ठोस जवाब नहीं मिल पाया है। लेकिन इस आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता कि कहीं इस वायरस ने अपना रूप तो नहीं बदला है। अगर ऐसा हुआ होगा तो नए वेरिएंट के रूप में इसके लक्षण, संक्रमण की क्षमता वगैरह में भी परिवर्तन संभव है। लेकिन एक बात तो यह कि ब्रिटेन में कम्युनिटी स्प्रेड शुरू हो चुका है यानी ऐसे केस सामने आ रहे हैं जिनमें संक्रमित व्यक्ति के अफ्रीकी देशों से आने वाले किसी शख्स के साथ संपर्क में आने की कोई बात नहीं है। इसलिए किसी भी सूरत में सावधानी नहीं छोड़ी जा सकती।

## मंडल रेल प्रबंधक ने किया राष्ट्रीय रेल सप्ताह पुरस्कार के विजेता का सम्मान



रे.स.ब्यू./सूत्र। मंडल रेल प्रबंधक झाँसी आशुतोष द्वारा वर्तमान वर्ष २०२२ के राष्ट्रीय रेल सप्ताह पुरस्कार से सम्मानित किये गये अमित गोयल वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/ समन्वय /झांसी का मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया जिसमे आशुतोष द्वारा उन्हें पौधा एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। बतादें कि भारतीय रेल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मियों को प्रतिवर्ष रेल सप्ताह समारोह के दौरान सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) दिनेश वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (तकनीकी) विवेक मिश्रा एवं शाखा अधिकारीगण उपस्थित रहें। मंडल रेल प्रबंधक झाँसी आशुतोष ने गोयल को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि, ये पुरस्कार इनको आगे भी अच्छा कार्य करने को प्रेरित करेंगे, साथ ही साथ अन्य रेलकर्मी भी इनसे प्रेरणा लेंगे।

## प्रयागराज-आनंद विहार के लिए चलेगी ग्रीष्म स्पेशल

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेलवे ने दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची को देखते हुए प्रयागराज से आनंद विहार के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने का एलान किया है। समर स्पेशल ट्रेन का संचालन प्रयागराज से तीन जून और आनंद विहार से चार जून को होगा। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ डा. शिवम शर्मा के अनुसार गाड़ी संख्या ०१६०७ प्रयागराज जंक्शन से शुक्रवार तीन की रात ६.३० बजे प्रस्थान करेगी। इसका फतेहपुर, कानपुर एवं अलीगढ़ में ठहराव रहेगा। सुबह ८.०५ बजे ट्रेन आनंद विहार पहुंच जाएगी। वापसी में आनंद विहार से गाड़ी संख्या ०१६०८ आनंद विहार से शनिवार चार जून की सुबह ११.५० बजे चलकर रात १०.४५ बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंच जाएगी।

## निर्माण विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी हुए पुरस्कृत



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के निर्माण विभाग में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) शरद मेहता की अध्यक्षता में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे शरद मेहता का मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, निर्माण एवं औद्योगिक संबंध द्वारा स्वागत किया गया। कार्यकम का शुभारंभ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) उत्तर मध्य रेलवे शरद मेहता द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट करने वाले ५७ रेलकर्मियों को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र दिये गए। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान ए.पी. शर्मा प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण),संतोष शुक्ला, नरेन्द्र सिंह, ए.के. सिंह, सौरभ सिंह पटेल सभी मुख्य इंजीनियर (निर्माण), एन.के. वर्मा मुख्य सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण) डी.वी. सिंह मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण)चंदन वर्मा मुख्य वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी सहित उप विभागाध्यक्षों में जीतेन्द्र कुमार एस.एस.सिंह आर.के.जैन, प्रमोद कुमार, बी श्रीधर एवं निर्माण संगठन के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आर.पी.वर्मा एएक्सईएन/निर्माण व धन्यवाद ज्ञापन मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/निर्माण एवं औद्योगिक संबंध द्वारा किया गया।

## हण्डिया थाने में पहुंचकर मण्डलायुक्त एवं आईजी ने सुनी जन समस्यायें, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



रे.स.ब्यूरो./संवा. मण्डलायुक्त श्री संजय गोयल एवं आईजी डॉ० राकेश कुमार सिंह शनिवार को समाधान दिवस के अवसर हण्डिया थाने में पहुंचकर लोगो की समस्याओं को सुना। उन्होंने पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को संयुक्त टीम बनाकर तथा मौके पर जाकर दोनों पक्षों को सुनते हुए शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने थाने में आने वाले लोगो से अच्छा व्यवहार किए जाने तथा उनकी समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनते हुए नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों का निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। थाना परिसर में साफ-सफाई की भी समुचित व्यवस्था बनाये रखने एवं निष्प्रयोज्य वाहनों के नीलाम किए जाने की कार्यवाही किए जाने का भी निर्देश दिया।

## जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड रेलवे क्रॉस कंट्री के लिए दिनेश हुए चयनित

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। –भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री दल में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दिनेश, जूनियर टीएनसी/ बिलासपुर ने अपनी जगह सुनिश्चित किया है। बता दें की उक्त दल बर्लिन (जर्मनी) में दिनांक १३ से १६ जुलाई २०२२ को आयोजित होने वाला वर्ल्ड रेलवे क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भाग लेगा। भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री दल की ओर से ५ पुरुष एवं तीन महिला भाग लेंगे। भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री दल में शामिल होने हेतु परीक्षण में दिनेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री दल में जगह बनाने पर दिनेश को महाप्रबंधक/दपुमरे ने बधाई दी है।



दिनांक 25/5/2022 किंगस होटल, वाराणसी में उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल रत्न अलंकरण सम्मान-२०२२ परिषद के मुख्य अतिथि विजय कुमार जयसवाल, सदस्य, राजभाषा सलाहकार समिति गृह मंत्रालय, ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रधान संपादक रेल समाचार ब्यूरो एवं सदस्य रेल सलाहकार समिति को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित करते हुए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीएम स्वानिधि योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न



रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में पीएम स्वानिधि योजना के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बैंक के प्रबंधकों को निर्देशित किया है अपने यहां पर लम्बित प्रकरणों का हर हाल में शुक्रवार तक निस्तारण सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी बैंक के प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे है, उसें गम्भीरता से लेते हुए उसका निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी को भी परेशानी का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाये। द्वितीय चरण में ४४०० के सापेक्ष २६०० आवेदनों का निस्तारण हुआ है, जो १५०० आवेदन बचे हुए है, उसका निस्तारण शुक्रवार तक सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर पीओ डूडा वर्तिका सिंह सहित सभी बैंक के प्रबन्धकगण उपस्थित रहे।

### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके सउस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# HAPPY MOTHER'S DAY




## माँ कभी वापिस नहीं आती है।।

उम्र - दो साल -- मम्मा कहाँ है ? मम्मा को दिखा दो, मम्मा को देख लूँ, मम्मा कहाँ गयी ?...

उम्र - चार साल' -- मम्मी कहाँ हो ? मैं स्कूल जाऊँ ? अच्छा इलम मुझे आपकी याद आती है स्कूल में...

उम्र - आठ साल' -- मम्मा, लव यू, आज टिफिन में क्या भेजोगी? मम्मा स्कूल में बहुत होम वर्क मिला है...

उम्र - बारह साल' -- पापा, मम्मा कहाँ है ? स्कूल से आते ही मम्मी नहीं दिखती, तो अच्छा नहीं लगता...

उम्र - चौदह साल' -- मम्मी आप पास बैठो ना, खूब सारी बातें करनी है आपसे...

उम्र- अठारह साल'ओफ्फो मम्मी समझो ना, आप पापा से कह दो ना, आज पार्टी में जाने दें...

उम्र - बाईस साल' -- क्या माँ ? जमाना बदल रहा है, आपको कुछ नहीं पता, समझते ही नहीं हो

उम्र - पच्चीस साल' -- माँ, माँ जब देखो नसीहतें देती रहती हो, मैं दुध पीता बच्चा नहीं...

उम्र - अठाईस साल' -- माँ, वो मेरी पत्नी है, आप समझा करो ना, आप अपनी मानसिकता बदलो...

उम्र - तीस साल' -- माँ, वो भी माँ है, उसे आता हैं बच्चों को सम्भालना, हर बात में दखलंदाजी नहीं किया करो...

और उस के बाद, माँ को कभी पूछा ही नहीं। माँ कब बूढ़ी हो गयी, पता ही नहीं उसे। माँ तो आज भी वो ही हैं, बस उम्र के साथ बच्चों के अंदाज बदल जाते हैं.

उम्र - पचास साल' -- फिर एक दिन माँ, माँ चुप क्यों हो ? बोलो ना, पर माँ नहीं बोलती, खामोश हो गयी...

माँ, दो साल से पचास साल के, इस परिवर्तन को समझ ही नहीं पायी, क्योंकि माँ के लिये तो पचास साल का प्रौढ़ भी, बच्चा ही हैं, वो बेचारी तो अंत तक, बेटे की छोटी सी बीमारी पर, वैसे ही तड़प जाती, जैसे उस के बचपन में तडपती थी। और बेटा, माँ के जाने पर ही जान पाता है, कि उसने क्या अनमोल खजाना खो दिया...?'

जिन्दगी बीत जाती है, कुछ अनकही और अनसुनी बातें बताने कहने के लिए। माँ का सदा आदर सत्कार करें, उन्हें भी समझें और कुछ अनमोल वक्त उनके साथ भी बिताएं, क्योंकि वक्त गुजर जाता है, लेकिन माँ कभी वापिस नहीं मिलती...!!

हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
डॉ जाकिर हुसैन


# Comptroller and Auditor General of India Shri G.C. Murmu visit at BLW



SOURCE:CPRO- Comptroller and Auditor General of India, Shri Girish Chandra Murmu visited Banaras Locomotive Works. On this occasion Guard of Honour was given by BLW Railway Protection Force and General Manager, Anjali Goyal welcomed him by presenting a bunch of flowers. General Manager BLW gave a detailed presentation about BLW and its related production activities through power point presentation in the meeting held at Hall of Fame of BLW Administration Building. Comptroller and Auditor General of India Mr. Girish Chandra Murmu and his team discussed in detail the production activities, other activities of BLW, ongoing projects and future plans with the General Manager and Principal Chief Officers of BLW. The Comptroller and Auditor General of India, while addressing the officers of BLW, said that it is heartening to see the excellent presentation made by the General Manager and I am proud of the record achieved by BLW in various fields. BLW manufactured a record number of locomotives despite the COVID pandemic, which is commendable. Locos have also been exported by BLW to many African countries, which shows India's self-reliance. The competent engineers and staff here will enhance the quantity and quality of the locos. Also, he mentioned about two types of benefits of purchasing material through GeM Portal - first competitive price and secondry encouraging local employment generating MSMEs. Comptroller and Auditor General to look into future technical challenges, consider other source of energy like hydrogen in coming days, Hon'ble Prime Minister's Zero Emission, Indian Railways to increase average speed of trains, reduce customer complaints, focus on very high precision in technology, advised to use robotics with platform technology in future. In accordance with the policy of the Government of India, to encourage the manufacture of electric vehicles, to further improve the quality of the product, which can help in nation building. He further said that BLW is one of the major industrial units. The role of Railways has been commendable during COVID times in emergency situations like transportation of oxygen, availability of water in dry areas. He suggested to fit solar panels in the locomotives to supply power to the loco AC cabins. After the meeting, the plantation of medicinal plant Rudraksha was done by the Comptroller and Auditor General of India in the Herbal Garden of BLW Administration Building. After that he visited BLW workshop to know about the production activities going on in BLW. During this he thoroughly inspected the Automatic Storage Retrieval System installed at New Block Shop, Loco Frame Shop, Loco Assembly Shop, Store Depot etc.

### जीवन में 8 का पहाड़ा (टेबल) का बहुत महत्व होता है पर इसकी जानकारी कम लोगों को रहती है

| | | |
|---|---|---|
| 8x1= 8 | ....... | बचपन |
| 8x2= 16 | ....... | जवानी की शुरुवात |
| 8x3= 24 | ....... | शादी की उम्र |
| 8x4= 32 | ....... | बच्चे होना |
| 8x5= 40 | ....... | सुखी संसार |
| 8x6= 48 | ....... | संसारिक जिम्मेदारी |
| 8x7= 56 | ....... | बुढ़ापे की शुरुवात |
| 8x8= 64 | ....... | रिटायरमेंट |
| 8x9= 72 | ....... | षष्ठी पूर्ति के कार्यक्रम |
| 8x10= 80 | ....... | संसार से विदा लेने का समय |



कितना महत्वपूर्ण है 8 का पहाड़ा इसलिए हँसते रहो, प्यार से रहो, ये जिंदगी न आएगी दो बारा



दिनांक 25/5/2022 को उत्तर प्रदेश पत्रकार परिषद के पूर्वाचल रत्न अलंकरण सम्मान-२०२२ परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश मिश्र द्वार स्मृति चिंह व प्रमाण पत्र से ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रधान सम्पादक रेल समाचार ब्यूरो, सदस्य रेल सलहाकार समिति (ZRUCC/NCR) रेल मंत्रालय को सम्मानित करते हुए

# प्रधानमंत्री जी के शिमला में आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन कार्यक्रम







रे.स.ब्यूरो./सूत्र जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम मे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया गया सम्मानित प्रधानमंत्री जी के शिमला में आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन कार्यक्रम का जिला पंचायत सभागार तथा विकासखण्डो एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों पर लाइव प्रसारण किया गया। शिमला में आयोजित कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री जी के द्वारा देश के कई राज्यों के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियो से संवाद भी किया गया तथा प्रधानमंत्री जी के द्वारा लोगो सम्बोधित भी किया गया। शिमला में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत १० करोड़ से ज्यादा किसानो को २१ हजार करोड़ रुपये से अधिक की ग्याहरवीं किस्त का बटन दबाकर हस्तांतरण भी किया गया। शिमला में आयोजित प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से प्रतिभाग करते हुए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियो से संवाद किया गया और उनके द्वारा संबोधित भी किया गया।

जिला पंचायत सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ० रीता बहुगुणा जोशी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद केशरी देवी पटेल के द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, सम्मानित होने वाले लाभार्थियों में पीएम आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना, अमृत योजना, पीएम स्वःनिधि योजना, मुद्रा योजना, बैंक समूह सखी, ग्रामीण अजीविका मिशन सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, बैंक समूह सखी के लाभार्थियों को साड़ी, मुद्रा योजना एवं पीएम स्वःनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत पत्र तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, जिला विकास अधिकारी अशोक कुमार मौर्या, उप निदेशक कृषि बिनोद कुमार तथा अन्य सम्बन्धित विभागो के अधिकारीगण तथा विभिन्न योजनाओ के लाभार्थीगण उपस्थित रहें।

# उत्तर प्रदेश को बनाएंगे देश की नंबर वन अर्थव्यवस्था- योगी आदित्यनाथ

रे.स.ब्यू./सूत्र। अपने बजट में प्रदेश सरकार ने पश्चिमी उप्र को कई सौगातें दी हैं। खास तौर कई स्थानों पर स्टेडियम निर्माण की योजनाओं को बजट देने, स्पोर्ट विवि का काम आगे बढ़ाने जैसे प्रस्तावों से युवाओं के कैरियर की राह खुलेगी। इसके अलावा परिवहन क्षेत्र में भी उम्मीदों को आकार दिया गया है।




चाहे हवाई उड़ान हो या रैपिड ट्रेन ट्रांजिट सिस्टम, सभी के लिए बजट जारी किया गया है। वाराणसी और गोरखपुर व अन्य शहरों में लाइट मेट्रो के लिए सौ करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया है।

अन्य शहरों में मेरठ भी शामिल है। मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट विवि के लिए ७०० करोड़ रुपये की धनराशि व्यय होगी। इसकी स्थापना के लिए ५० करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि मोदीपुरम मेरठ में शुगर टेक्नॉलजी के संचालन के लिए दो करोड़ जबकि शामली में स्पोर्ट स्टेडियम निर्माण के लिए १० करोड़ की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट प्रदेश की २५ करोड़ जनता की आंकाक्षा और भावना के अनुरूप तैयार किया गया है।

बजट समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यूपी सरकार का बजट है जो प्रदेश के उज्जवल भविष्य की रूपरेखा भी तैयार करेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना मौजूद थे।

> कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।
> जार्ज इलियट

# Railway Minister of Bangladesh, Mohd. Nurul Islam Sujan to BLW



SOURCE:CPRO-On this occasion, a meeting of delegates was held with a team of higher officials from BLW. During the meeting, capabilities of BLW were showcased and details of loco exported were apprised to delegation from Bangladesh. BLW has already exported 49 locomotives of meter & broad gauge to Bangladesh in past, which are successfully hauling passenger and goods trains there. Hon'ble Railway Minister of Bangladesh mentioned about long term partnership between Bangladesh Railways and Indian Railways and wished for further strengthening of bond. He expressed Bangladesh Railways' targets of converting Metre Gauge to Broad gauge, doubling lines and extending lines till district levels. He further expressed happiness over five operational train links between India and Bangladesh He expressed the requirement of new locomotives and man power training for Bangladesh Railways. GM/BLW assured for full support for Bangladesh Railways. Further, existing practices and upcoming projects were discussed. Thereafter, the high level delegation visited various shops of BLW Workshop like New Block Shop, Engine Test Shop,Loco Assembly Shop etc During shop visit, delegation was apprised about the various stages of manufacturing involved in manufacturing of locomotives. Delegation was also shown state of the art manufacturing facilities available at BLW. Standard gauge Locomotive converted from Broad Gauge locomotive was also shown to the delegation. The delegation was impressed by the design capabilities and manufacturing facilities available at BLW.

Locomotives exported by BLW to various countries taps BLW's expertise of six decades of locomotive manufacture, for making diesel locos for export-Indian Railway's contribution to AatmaNirbhar Bharat. Export orders are also seen as development of capability in private sector and public sector entities, for supply of critical components in manufacture of diesel locomotive of various gauges like meter, cape and broad.

Recently 6 cape gauge locos were exported to Mozambique, in spirit of AatmaNirbhar Bharat, these Locos have been:

• Designed in India, •Made in India and • Financed by India •For Export.

Hon'ble Railway Minister of Bangladesh was accompanied with following:

1. Mohd. Nurul Islam Sujan Hon'ble Minister for Railways, Bangladesh
2. Sardar Shahadat Ali Additional Director General ( Operations), Bangladesh Railway
3.Dr AKM Atiqul Haque Minister (Commercial), Bangladesh High Commission, New Delhi
4. Md Shafiul Alam Counsellor (Political), Bangladesh High Commission, New Delhi
5.Rahul Mithal CMD/RITES
6. A.K. Singh GM/Expotech /RITES
7.Nihad Kabir RITES Associate (Chairman Green World Solutions Limited, Dhaka Bangladesh and associate of RITES Ltd for Bangladesh)
8. Deedarul Huq Khan RITES Associate (Managing Director Green World Solutions Limited, Dhaka Bangladesh and associate of RITES Ltd for Bangladesh)

# जन मिलन में जनता की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी



रे.स.ब्यूरो./सूत्र सम्बन्धित अधिकारियो को शिकायती प्रार्थनापत्रो को समयबद्ध रूप से गुणवत्तापूर्णढग से निस्तारित करने दिये निर्देश। जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री जन मिलन में जनता की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायती प्रार्थनापत्रो को गुणावत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये है, उन्होंने अधिकारियो को निर्देशित किया है, कि जो भी प्रार्थनापत्र आये, उसका समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जनता की शिकायतो के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता नही होनी चाहिये।

# 67th National Railway Week Awards Ceremony held in Bhubaneswar on 28th May 2022




Source: CPRO/SR- This year, the 67th Railway Week Award Ceremony was hosted by East Coast Railway and a grand function was held in Bhubaneswar on 28th May 2022. Ashwini Vaishnaw, Hon'ble Minister for Railways, Commu-nications & Electronics and Information Technology graced the occasion as Chief Guest and presented the efficiency shields and awards. V.K. Tripathi, Chairman and Chief Executive Officer, Railway Board, Members and senior officials of Railway Board participated in the function besides Shield/award winners from all over Indian Railways. Railway Week is celebrated all over Indian Railways every year in commemoration of the genesis of Railways on Indian soil and operation of the first passenger train service from Bori Bunder to Thane on 16th April 1853. As part of Railway Week Celebrations, the best performing Zonal Railways, workshops and field units, in various categories, are felicitated with Efficiency Shields while the meritorious employees are honored with individual awards for excelling in work. Among the Zonal Railways, Southern Railway bagged the Efficiency Shield for the best Running Room at Jolarpet railway station. B.G. Mallya, General Manager, Southern Railway and Ganesh, Divisional Railway Manager, Chennai Division of Southern Railway received the award presented by Ashwini Vaishnaw, Minister for Railways, Communica-tions, Electronics and Information Technology in the presence of V.K.Tripathi, Chairman and Chief Executive Officer, Railway Board.

One Gazetted Officer and five non-gazetted staff of Southern Railway bagged individual awards outstanding performance.

> कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।
> जार्ज इलियट

# विश्व प्रसिद्ध गोपालक बब्बन खान को भारत गौरव अवार्ड से किया गया सम्मानित



रे.स.ब्यूरो./सूत्र स्याना में बेसहारा गायों की सेवा कर उन्हें आश्रय देने के लिए गोपालक बब्बन मियां को मिला सम्मान, चला रहे मुफ्त आश्रम। कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष और सुप्रसिद्ध बब्बन मियां को भारत गौरव अवार्ड देकर केरल के राज्यपाल ने सम्मानित किया। विदित हो कि बब्बन मियां का परिवार पिछले पचास साल से बुलंदशहर के सियाना में गो सेवा में लगा हुआ है, और लावारिश पशुओं की मुफ्त देखभाल कर रहा है। केरल के राज्यपाल और राष्ट्रपति पद के प्रबल दावेदार आरिफ मोहम्मद खान ने अवार्ड देते हुए कहा कि बब्बन खान जैसे लोग हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि गौ सेवा करना बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि गोपालक बब्बन मियां अपनी मां के आदर्शो पर चलकर गायों की सेवा कर समाज को जोड़ने के साथ महान कार्य कर रहे हैं। गोपालक बब्बन मियां अपने पैतृक गांव में श्री कान्हा गौशाला भी चला रहे हैं। अपनी माता के आदर्शो पर चलकर उन्होंने गाय पालना व गाय की सेवा करना सीखा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर लौटने पर बब्बन मियां का जोरदार स्वागत किया जाएगा। जिला पंचायत प्रतिनिधि राफे खान ने बढ़ाई देते हुए कहा कि बब्बन खान जी ने सदैव क्षेत्र का नाम रोशन किया है, और उनके द्वारा किए गए समाज की बेहतरी के लिए कार्य एक मिशाल है।

# 67th National Railway week award Aeremony at Bhuvaneshwar. NCR official also won essay competition prize



Source: CPRO/ Every year, Indian Railways felicitate its outstanding employees for their exemplary contribution and dedication to the service. Amongst the 156 employees honoured today at 67th Railway week award ceremony, 5 are from North Central Railway. Following employees of NCR received the award from Hon'ble Minister of Railways, Electro-nics and Communications & Information Technology Shri Ashwini Vaishnaw:

1. Shri Amit Goyal: Sr Divisional Signal and Telecom Engineer, Jhansi Division. Shri Amit Goyal has made special contribution in Jhansi-Kanpur doubling, Birlanagar-Udimod, Mahoba-Khajuraho rail electrification projects. He has brought down signal failures by 26.95% with his efficient leadership. Apart from this, he has contributed significantly in the all-round upgradation of Signal and Telecom Depart-ment in Jhansi Division.

2. Ms. Mansi Verma: Sr Divisional Personnel Officer/ Agra- Ms. Mansi Verma, established new dimensions with her proactive management skills in human resource management including human resource planning, career progression, training, grievance redressal, and employee welfare. As part of her digital initiative during Covid, she got the recruitment process done quickly and safely by doing video interviews at the time of appointment of paramedics and doctors.

3. Ms. Akansha Sharma: DyCMM/GSD JHS. She ensures the adequate availability of all the materials with her efficient guidance. She made special efforts during the lockdown in Covid times, for maintaining the availability of all the materials uninterrupted and also resolved the issues of related many unavailable materials with her prompt efforts. She also succeeded in reducing the average tender period from 40 days to 10 days.

4. Shri Pankaj Kumar, Keyman Saamoh, detected a rail fracture on 21.12.2021 at 6.58 am . Shri Pankaj Kumar noticed a fracture in the Tongue Rail of SEJ. He immediately protected the rail and informed the on duty station master and SSE Shri Minturam. There after followed by emergency repair 1st train was allowed with 10KMPH caution and then other trains with speed restriction of 30 KMPH

5. Shri Ashok Kumar Gupta- Junior Engineer-Jhansi Workshop has saved railway revenue by doing various works by using his technical skill and innovative behavior. He has constructed a scenic heritage park from waste material and scrap also made including power operated lifting barrier, SAPW (Semi-automatic pillar 'Body side stanchion' welding) machine, cone testing machine etc. from internal sources.

6. Shri Nitin Garg Secretary to Principal Chief Engineer won 1st prize in Hindi essay completion for his essay about Indian railways contribution towards sports. He has also been felicitated today.The ceremony was attended by CRB &CEO RB Shri VK Tripathi and other senior members of RB. Shri Pramod Kumar, GM NCR also attended the function. Shri Kumar has congratulated all the award winners and said that their achievement will be a source of motivation to perform better not only to themselves but will inspire others too.

# नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा २ दिवसीय गंगादूत प्रशिक्षण का हुआ समापन




रे.स.ब्यूरो./सूत्रः नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा २ दिवसीय ग्रामस्तरीय गंगादूत प्रशिक्षण का समापन श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज में किया गया। दो दिवसीय गंगादूत प्रशिक्षण को ५०-५० के २ बैच में चलाया गया। समापन कार्यक्रम में विकास खंड अधिकारी शिरीष गुप्ता के मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे और सभी गंगा दूतो को उनके द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर खंड विकास अधिकारी ने कहां गंगा नदी प्रदूषित होने के कारण आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है और इसे बचाने हेतु देश के युवाओं को आगे आकर प्रदूषण मुक्त करने की जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है तथा स्वेच्छा से आगे आकर गंगा स्वच्छता अभियान से जुड़ने वाले गंगादूतो कि सराहना की। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे, जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह, एडीओ कोऑपरेटिव, उमेश द्विवेदी, भारतीय वन्यजीव संस्थान टीम से फील्ड इंचार्ज केपी उपाध्याय, शुभेंद्र, नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान के निदेशक कृष्ण कुमार मौर्या, राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा २ दिवसीय भारतीय वन्यजीव संस्थान से फील्ड इंचार्ज केपी उपाध्याय ने गंगा का महत्व,जैव विविधता, जलीय जीव और डॉल्फिन पर विस्तार से पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। निदेशक कृष्ण कुमार मौर्य ने प्रतिभागियों को स्टोरी टेलिंग कहानी वाचन कहानी के माध्यम से प्रदर्शन के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक के तकनीकी पक्षों पर बातचीत किया। कार्यक्रम में स्वयं सेवक रोहित, अमन,अमित, हिमांशु, रितिका, आरती, दारा ने खास योगदान दिया ।

> इनसान महान पैदा नहीं होता है, उसके विचार उसे महान बनाते हैं. विचार और काम की शुद्धता और सरलता ही महान लोगों को आम लोगों से अलग करती है. वे वही काम करते हैं, जो दूसरे करते हैं, लेकिन उनका मकसद समाज में बदलाव लाना होता है।
>
> -महात्मा गांधी

# उत्तराखंड में रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा चारधाम यात्री बस गिरी खाई में, २६ लोगों की मौत



रे.स.ब्यूरो./सुत्र हरिद्वार से यमुनोत्री दर्शनार्थ जा रहे थे चारधाम यात्री हादसे के बाद दिखा वीभत्स दृश्य, पेड़ों पर लटके मिले शव किसी का हाथ गायब तो, किसी का पैर कटकर हुआ अलग यहां वहां बिखरे पड़े शवों को देखकर रेस्क्यू कर रहे लोग भी हुए विचलित प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डामटा रिखाऊ के निकट बेकाबू होकर बस गिरी थी खाई में उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में हादसे का शिकार हुई बस मध्यप्रदेश से चार धाम यात्रा पर बस में सवार होकर आए थे २८ यात्री चालक और परिचालक सहित ३०लोग सवार थे इस बस में २०० फीट गहरी खाई में गिरी बस के उड़े परखच्चे पुर्जा-पुर्जा हुई बस में सवार यात्रियों को तलाश रहा रेस्क्यू दल एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने किया रेस्क्यू बस की स्थिति और लोगों के शव देख सिहर उठे बचाव कार्य में लगे लोग रेस्क्यू में अब तक २६ यात्रियों के ही शव मिले, शेष की तलाश जारी घना अंधेरा होने के कारण घायलों को ऊपर लाने में हुई काफी मशक्कत घटनास्थल उत्तर काशी जिला मुख्यालय से करीब ७५ किमी दूर होने के कारण लगा समय राहगीरों से मिली पुलिस और प्रशासन के बाद मौके पर पहुंचा प्रशासन।

# जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज द्वारा मानया गया विश्व पर्यावरण दिवस



रे.स.ब्यूरो./सुत्र प्रयागराज। श्रीमान पुलिस महा निरीक्षक प्रयागराज पर क्षेत्र, जिला अधिकारी महोदय प्रयागराज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय प्रयागराज एवं अन्य उच्च अधिकारी गण के मार्गदर्शन व दिशा निर्देशन में समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर जनपद स्तर के नगर क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया गया साथ ही साथ जिस प्रकार जल ही जीवन है वृक्ष भी हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है को ध्यान में रखते हुए इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर श्री दिनेश कुमार सिंह जी, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री आरव यन विश्वकर्मा जी, आलोक तिवारी उप शिक्षा निदेशक / प्राचार्य, डायट प्रयागराज एवं गौरव श्रीवास्तव नगर मजिस्ट्रेट प्रयागराज को पौधा सप्रेम भेंट करते हुए सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मी कांत मिश्र, विपिन कुमार अशोक सिंह, क्षेत्रीय स्तर पर पौधारोपण एवं वृक्ष दान करने का काम करने वाली टीम निम्न वत, है जिनके द्वारा संपादन किया गया एसएम सिंह, अनिल कुमार पांडे सरदार हरविंदर सिंह मोहन लाल यादव, संदीप केसरी, मनीष विश्वकर्मा, शनि श्रीवास्तव विजय केसरी नेहा केसरी, रंजन केसरवानी गणेश मोहन श्रीवास्तव, प्रदीप मनचंदा, विवेक मल्होत्रा, प्रतिभा चौरसिया प्रेम मोहन कसेरा सतीश कुमार केसरवानी पूर्व पार्षद साथी ही आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त पदाधिकारी तहसील सचिव वार्ड अधिकारी थाना कमेटी प्रभारी यूथ टीम प्रभारी और सदस्यों ने उक्त आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान किया

> "मनुष्य को ठंडा रहना चाहिए, क्रोध नहीं करना चाहिए। लोहा भले ही गर्म हो जाए, हथौड़े को तो ठंडा ही रहना चाहिए अन्यथा वह स्वयं अपना हत्था जला डालेगा। कोई भी राज्य प्रजा पर कितना ही गर्म क्यों न हो जाये, अंत में तो उसे ठंडा होना ही पड़ेगा।"

# मा० सांसद फूलपुर ने एम्बुलेन्स को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




रे.स.ब्यूरो./सुत्र प्रयागराज। माननीय सांसद फूलपुर श्रीमती केसरी देवी पटेल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज डा० नानक सरन द्वारा जनपद वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ०५ नयी एम्बुलेन्स को हरी झंडी दिखाकर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क स्थल से रवाना किया। माननीय सांसद जी ने नारियल फोड कर सभी वाहन चालको को एम्बुलेन्स की चाभी सौंपी तत्पश्चात फीता काटकर एम्बुलेन्सो को रवाना किया। ज्ञातब्य हो कि जनपद में कुछ गाडियाँ ०५ साल पुरानी हो चुकी थी और २.५ लाख किलो मीटर से अधिक चल चुकी थी। जिनको बदलकर ०५ नयी एम्बुलेन्स की सौगात दी गयी है। इस अवसर पर माननीय सांसद जी ने कहा कि उ०प्र० सरकार स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। सरकारी अस्पतालों में मरीजो का निरूशुल्क और बेहतर इलाज किया जा रहा है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा० नानक सरन ने बताया कि प्रयागराज में ०५ साल पुरानी १२ एम्बुलेन्स बदली जायेगी। जिनमें ०५ एम्बुलेन्स को आज शंकरगढ, रामनगर, सोरांव, कोरांव और कौडिहार के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। शेष ०७ एम्बुलेन्स १० दिन के अन्दर बदल दी जायेगी ।

# स्वतंत्रता की लड़ाई में शामिल गुमनाम सेनानी



रे.स.ब्यूरो./सुत्र प्रयागराज। तारारानी श्रीवास्तव, एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थीं, और महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन का हिस्सा थीं। वह और उनके पति, फुलेन्दु बाबू, बिहार के सारण जिले में रहते थे। १९४२ में, वह और उनके पति पुलिस द्वारा गोली मारे जाने पर सिवान में पुलिस स्टेशन की ओर मार्च कर रहे थे। उसने फिर भी मार्च जारी रखा, बाद में पाया कि उसकी मृत्यु हो गई है। वह पांच साल बाद देश की आजादी तक आजादी के संघर्ष का हिस्सा रहीं। व्यक्तिगत जीवन और स्वतंत्रता संग्राम तारा रानी श्रीवास्तव का जन्म सारण शहर के पास सारण में हुआ था। उन्होंने कम उम्र में फूलेंदु बाबू से शादी कर ली। सार्वजनिक प्रस्तावों के बाद, जो लैंगिक असमानता में वृद्धि का कारण बन सकता था, तारा रानी जस्ती महिलाओं और उनके गांव के आसपास ब्रिटिश राज के खिलाफ विरोध मार्च में शामिल होने के लिए १२ अगस्त १९४२ को, महात्मा गांधी द्वारा आह्वान किया गया, उन्होंने और उनके पति ने सिवान पुलिस स्टेशन के सामने फ्लैग ऑफ इंडिया उठाने के लिए एक मार्च का आयोजन किया, एक ऐसा कार्य जिसे एक प्रमुख अवज्ञाश के रूप में देखा जाएगा। पुलिस ने उन्हें झंडा फहराने से रोकने के लिए प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज किया। जब वे नियंत्रण हासिल करने में असमर्थ थे, तो पुलिस ने गोली चला दी। गोली लगने और घायल होने वालों में फूलेंदु बाबू थे। उसके बावजूद, अपनी साड़ी से फटे कपड़े की पट्टी के साथ बाबू के घावों को पट्टी करने के बाद, तारा रानी ने पुलिस स्टेशन तक अपना मार्च जारी रखा, जहाँ उन्होंने झंडा फहराने का प्रयास कियाय उसके लौटने पर, उसे पता चला कि उसके पति की चोटों से मृत्यु हो गई थी। १५ अगस्त १९४२ को देश के लिए अपने पति के बलिदान के सम्मान में छपरा में प्रार्थना सभा आयोजित की गई। वह १५ अगस्त १९४७ को भारत के विभाजन तक स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बनी रहीं।

> राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
> सरदार वल्लभ भाई पटेल

# अश्विनी वैष्णव ने किया भारतीय रेलवे नवाचार नीति - "रेलवे के लिए स्टार्टअप" का शुभारंभ



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर भारतीय रेल ने स्टार्ट-अप और अन्य संस्थाओं की भागीदारी के माध्यम से नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की है। रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन, नई दिल्ली में "रेलवे के लिए स्टार्टअप" लॉन्च किया है। यह नीति बहुत बड़े और अब तक प्रयोग नही हुई स्टार्टअप की भागीदारी के आधार से संचालन, रखरखाव और बुनियादी ढांचे के निर्माण के क्षेत्र में पैमाने पर अधिक दक्षता लाएगी। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे में प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर लंबे समय से चल रही चर्चा ने आज शुरू की गई इस पहल के रूप में ठोस रूप ले लिया है। इस पहल के शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्टार्ट अप को रेलवे से जुड़ने का अच्छा अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम के पहले चरण के लिए रेलवे के विभिन्न मंडलों, क्षेत्रीय कार्यालयों/ जोनों से प्राप्त १०० से अधिक प्रॉबलम स्टेटमेंट में से ११ प्रॉबलम स्टेटमेंट जैसे रेल फ्रैक्चर, हेडवे कमी आदि को लिया गया है। इन्हें नवीन समाधान खोजने के लिए स्टार्ट अप के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। रेल मंत्री ने स्टार्टअप से इस अवसर का उपयोग करने का अनुरोध किया और उन्हें ५० प्रतिशत पूंजी अनुदान, सुनिश्चित बाजार, स्केल और को सिस्टम के रूप में भारतीय रेलवे से समर्थन सुनिश्चित करने की बात कही।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./सुत्र संस्थान बरेका द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली का आयोजन किया गया जिसमे संस्थान बरेका द्वारा संचालित ग्रीष्मकालीन शिविरों जैसे रोलर स्केटिंग, फुटबाल, नाटक, जुंबा डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, कठपुतली मेकिंग इत्यादि के प्रशिक्षुओ ने भाग लिया । रोलर स्केटिंग के प्रशिक्षु स्केट पहनकर रैली मे भाग लिया । रैली के प्रारम्भ मे मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष संस्थान एवं वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी राजकुमार गुप्ता व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ मण्डल चिकित्साधिकारी डा० एस. के मौर्या, जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार, प्राचार्य इंटर कॉलेज आर. के. सैनी, बरेका ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। रैली मे प्रशिक्षुओ के साथ साथ बरेका के गणमान्य नागरिक सर्वश्री सुजीत सोनकर, ए.एच.खान राष्ट्रीय अध्यक्ष काशी काव्य संगम, मदन कुमार, सरोज सिंह कोषाध्यक्ष कर्मचारी क्लब, ऋतुराज यादव महामंत्री जिवत्पुत्रिका पूजा समिति, अविनाश सिंह, संदीप यादव,पंकज श्रीवास्तव, अरविंद विश्वकर्मा, पेकज राजभर, प्रवीण कृष्णा, अंकित सिंह, विश्वास, अभिषेक, सुमित, सुजीत, राजेश, सीमा, सुषमा सिंह, विशाल कोहली, इत्यादि लोगो ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ मे संस्थान सचिव, आलोक कुमार सिंह ने अतिथियों व प्रतिभागियो का स्वागत किया तथा अन्त में पी. के. दीक्षित पुस्तकालय सचिव संस्थान ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# "बाजार के माध्यम से धन उपार्जन" विषयक पर आयोजित सम्मेलन



रे.स.ब्यूरो./सुत्र देश की स्वतंत्रा की ७५वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत देशभर के ७५ शहरों में "बाजार के माध्यम से धन उपार्जन" के विषय पर वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन किया गया । सम्मेलन आयोजित करने का उद्देश्य वर्तमान एवं संभावित निवेशकों को पूंजी बाजार से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित एवं शिक्षित करना है। माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सितारमन, माननीय वित्त राज्य मंत्री डा. भागवत किशनराव कराड की उपस्थिति में सम्मेलन को विज्ञान भवन, नई दिल्ली से लाइव संबोधित किया गया। वाराणसी में इस सम्मेलन का आयोजन रूद्राक्ष अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सम्मेलन केंद्र, वाराणसी में किया गया । बनारस रेल इंजन कारखाना की महाप्रबंधक सुश्री अंजली गोयल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। आज वित्तीय बाजार में, डिजिटल बेकिंग के प्रसार एवं टेक्नोलॉजी के प्रयोग से वित्तीय सेवाएं हर जगह पहुंच रही हैं। इनवेस्टर्स अब स्टॉक बाजार में पांच लाख रूपए तक का ट्रांजेंक्शन यू.पी.आई. जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से कर सकते हैं। हमारी अधिकांश आबादी आधार से जुड़ गई है और ४५ करोड़ जन-धन खाते भी खुल गए हैं इसलिए यह समय केपिटल मार्केट में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए सबसे सही समय है। इससे राष्ट्र के निर्माण में लोगों की भागीदारी और बढ़ेगी। इसमें निवेश करने से बचत के और भी विकल्प खुलेंगे तथा हर परिवार के वित्तीय संसाधनों में विविधता आएगी एवं निवेश का अधिक लाभ मिल सकेगा। इसी क्रम में महाप्रबंधक ने कहा कि आज भारत ३ ट्रिलियन डालर की इकोन मी बनने के करीब है, परंतु केपिटल मार्केट में निवेश के कार्य में अभी भारी प्रयास की जरूरत है। जिसके लिए प्रत्येक परिवार तक डिजिटल एवं फाइनेन्सियल लिट्रेसी का प्रचार-प्रसार करना होगा। इसके जोखिम एवं लाभ क्या-क्या है। इस समय स्टॉक मार्केट में म्यूनिसिपल बांड जैसे इंसट्रूमेंट्स का ट्रेड बढ़ रहा है। विभिन्न समूह इसके माध्यम से भी केपिटल मार्केट में निवेश कर सकते हैं!

# ट्रेनों के सुचारू परिचालन और माल लदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूर्व मध्य रेल को मिला ट्रैफिक ट्रांसपोर्टेशन शील्ड



हाजीपुर रेल सेवा में विशिष्ट सेवा के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित करने हेतु इस वर्ष ६७वां राष्ट्रीय रेल पुरस्कार-२०२२ का आयोजन पूर्व तटीय रेल मुख्यालय भुवनेश्वर में किया गया। दिनांक २८.०५.२०२२ को समारोह के दौरान रेल मंत्री ने उल्लेखनीय कार्य प्रदर्शन करने वाले रेलकर्मियों/क्षेत्रीय रेलों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वित्त वर्ष २०२१-२२ में ट्रेनों के सुचारू परिचालन और माल लदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूर्व मध्य रेल को ट्रैफिक ट्रांसपोर्टेशन शील्ड प्रदान किया। यह शील्ड पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा प्राप्त किया गया जिनके साथ प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक (PCOM) भी उपस्थित थे। माननीय रेल मंत्री जी द्वारा विशिष्ट सेवा के लिए पूर्व मध्य रेल के ०१ अधिकारी एवं ०७ कर्मचारियों सहित भारतीय रेल के कुल १५५ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेल विश्व की ऐसी मल्टी डायमेंशनल संस्थान के रूप में जाना जाता है जो चाहे टेक्नॉलाजी का क्षेत्र हो, चाहे कठिन समय में राष्ट्र की आकांक्षाओं पर खरा उतरने की बात हो या किसी अन्य तरह की चुनौतियों का समाना करने की बात हो उस पर पिछले १०० वर्षो से खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं और इस अवसर पर हमें राष्ट्र की आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु भारतीय रेल को ट्रांसफॉरमेशन करना होगा। भारतीय रेल में नीचली पायदान पर कार्यरत कर्मचारियों भी उच्च पदों पर कार्यरत अधिकारियों से सीधे संवाद स्थापित कर भारतीय रेल के विकास में अपने विजन दे सकें। उन्होंने कहा कि हम अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों को भी विदेश में ट्रेनिंग के लिए भेजने को तैयार हैं । बदले में उन्हें उच्च स्तरीय कार्य प्रदर्शन करना होगा। राष्ट्रीय रेल पुरस्कार-२०२२ में पूर्व मध्य रेल की ओर से मंडल परिचालन प्रबंधक/धनबाद केशव आनंद, धनबाद मंडल में ट्रैक मेंटेनर के पद पर कार्यरत अवनिश भारती, बैजू कुमार शाह एवं विजय कुमार तथा लोको पायलट के पद पर कार्यरत उदय नारायण, गुड्डू कुमार यादव, समस्तीपुर मंडल में लोको पायलट के पद पर कार्यरत श्री संजय कुमार गुप्ता आदि राष्ट्रीय रेल पुरस्कार-२०२२ में सम्मानित किए गए

# संगम क्षेत्र में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का किया गया शुभारम्भ



रे.स.ब्यूरो./सुत्र सदस्य विधान परिषद डॉ० के०पी० श्रीवास्तव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ० वी०के० सिंह के द्वारा संगम क्षेत्र में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर किया गया शुभारम्भ। गंगा दशहरा के अवसर पर संगम क्षेत्र में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, लखनऊ के द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, कार्यो एवं उपलब्धियों के बारे में लोगो को जानकारी दिए जाने के उद्देश्य से लगायी गयी प्रदर्शनी का सदस्य विधान परिषद डॉ० के०पी० श्रीवास्तव तथा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ० वी०के० सिंह के द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद डॉ० के०पी० श्रीवास्तव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ० वी०के० सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगो को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त होगी तथा लोग योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर अपर जिला सूचना अधिकारी ऋषभ देव त्रिपाठी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

''शक्ति के अभाव में विश्वास व्यर्थ है। विश्वास और शक्ति, दोनों किसी महान काम को करने के लिए आवश्यक हैं।''
-सरदार वल्लभभाई पटेल

# मंडल रेल प्रबंधक,झांसी ने किया दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र। मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष द्वारा खैरार-भीमसेन रेल खंड के दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। दिनांक १०.०६.२२ को रागौल, भरुआसुमेरपुर और घाटमपुर स्टेशन का सघन निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधा का जायजा लिया और सम्बन्धित अधिकारियों को इन्हें ओर बेहतर करने के निर्देश दिये। उन्होंने पावर प्लांट १६८० मेगावाट NUPPL साइडिंग के निर्माण कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य अक्टूबर २०२२ का है। जिसे समय से पूर्ण करने हेतु मंडल रेल प्रबन्धक द्वारा रेलवे तथा राइट्स (RITES) के मध्य समन्वय वार्ता भी की गयी। उल्लेखनीय है कि खैरार-भीमसेन खंड (११० किलोमीटर) का दोहरीकरण झाँसी- खैरार-भीमसेन तथा खैरार- भीमसेन दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत किया जा रहा है जिसकी लम्बाई ४११ किलोमीटर है।

# ओवरचार्जिंग को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रहा उत्तर मध्य रेलवे

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने ओवरचार्जिंग पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों को पूरे जोन में सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मियों में पेय जल की मांग बढ़ जाती है, इसलिए यात्रियों को हर संभव माध्यम से विशेष रूप से सूचित किया जाना चाहिए कि यात्रियों को वाटर बूथों पर निःशुल्क पेय जल उपलब्ध कराया जा रहा है। महाप्रबंधक ने स्टेशनों पर नियमित रूप से जांच करने के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया गया है कि सभी कैटरिंग यूनिटों में पानी की बोतल, चाय और पार्किंग की दरें सामान्य आंखों के स्तर पर 'बड़े अक्षरों' में प्रदर्शित की जाएं। इसके अलावा, रेडियो, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और अन्य प्रचार माध्यमों के माध्यम से दरों और अधिकतम खुदरा मूल्य के बारे में व्यापक प्रचार किया जा रहा है। स्टेशनों पर दरों को लेकर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से नियमित घोषणा भी की जा रही है और यात्रियों से एमआरपी से अधिक भुगतान न करने का अनुरोध किया जा रहा है। जागरूकता प्रसारण के लिए सोशल मीडिया का वहत्तर प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। उनके फुटेज की भी रैंडम और शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। स्टालों पर भुगतान और मुद्रित रसीदों को बढ़ावा दिया जा रहा है और चाय और पानी की बोतलों जैसी अधिक प्रयोग वस्तुओं के मामले में, पूर्व मुद्रित संख्या वाली रसीद देने की सलाह भी दी जा रही है।प्रत्येक स्टॉल पर ओवरचार्जिंग की शिकायत के लिए फोन नंबर भी प्रदर्शित किया जा रहा है।

# ललितग्राम-नरपतगंज रेलखंड का संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा किया गया निरीक्षण

रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता सुवोमोय मित्र द्वारा दिनांक ०६.०६.२०२२ को ११.६० किमी लंबे ललितग्राम-नरपतगंज के बीच नव आमान परिवर्तित रेलखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत नरपतगंज से ललितग्राम तक अधिकतम गति से स्पीड ट्रायल भी किया गया। विदित हो कि १११ किमी लंबे सहरसा-फारबिसगंज आमान परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत अब तक सहरसा से ललितग्राम तक ८३ किलोमीटर रेलखंड का आमान परिवर्तन के उपरांत पहले से ही ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ किया जा चुका है। आज ललितग्राम से नरपतगंज तक सीआरएस निरीक्षण के उपरांत इस परियोजना के अंतर्गत नरपतगंज से फारबिसगंज तक १७ किमी लंबे रेलखंड का ही कार्य बाकी बचा है जिस पर तेजी से कार्य प्रगति पर है तथा इसे वर्ष के अंत तक पूरा कर लिये जाने की संभावना है।

# रावसाहेब पाटिल दानवे एवं अर्जुन राम मेघवाल ने अनूपगढ-बठिण्डा स्पेशल रेलसेवा का पुनः संचालन एवं बठिण्डा-सिरसा स्पेशल नई रेलसेवा को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रावसाहेब पाटिल दानवे माननीय रेल, कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं अर्जुन राम मेघवाल, संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार ने दिनांक ०८.०६.२०२२ को अनूपगढ-बठिण्डा स्पे'ाल रेलसेवा का पुनः संचालन एवं बठिण्डा-सिरसा स्पेशल नई रेलसेवा को नईदिल्ली से वीडियों कॉन्फेसिंग के माध्यम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री रावसाहेब पाटिल दानवे, माननीय रेल, कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार ने अपने सम्बोधन में अर्जुन राम मेघवाल जी का धन्यवाद किया, जिन्होंने अपने क्षेत्र के विकास के लिए बार-बार प्रयास किये है साथ ही उन्होनें कोरोना संक्रमण के कारण बन्द रेलसेवा के पुनः संचालन एवं न रेलसेवा के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई दी। अनूपगढ-बठिण्डा रेलसेवा के प्रारम्भ होने से इस क्षेत्र के निवासियों को लाभ होने के साथ-साथ सैनिकों एवं किसानों को भी लाभ पहुँचेगा और इस क्षेत्र के विकास के अवसर बढने के साथ-साथ रोजगार भी मिलेगा। विगत आठ वर्षो में सरकार के सुशासन के बहुत सारे कार्य किये है, जिनका लाभ गरीब लोगों को मिल रहा है।

अनूपगढ-बीकानेर नई रेल लाईन के बारे में आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस लाईन का सर्वे किया जायेगा तथा २०२३ तक सभी ब्रॉडगेज लाइनों को विद्युतीकरण पूरा किया जायेगा तथा इस वर्ष ४०० वन्दे भारत ट्रेनों के संचालन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अर्जुन राम मेघवाल जी को आश्वस्त किया कि उनके क्षेत्र में रेल संबंधी सभी कार्य प्राथमिकता के साथ पूरे करने का प्रयास करूंगा। नियमित रेलसेवा गाड़ी संख्या ०४७७१, बठिण्डा-अनूपगढ़ स्पेशल रेलसेवा दिनांक ०६.०६.२०२२ से प्रतिदिन बठिण्डा से ०६.४० बजे रवाना होकर ११.५५ बजे अनूपगढ़ पहुंचेगी इसी प्रकार गाड़ी संख्या ०४७७२, अनूपगढ़- बठिण्डा स्पेशल रेलसेवा दिनांक ०६.०६.२०२२ से प्रतिदिन अनूपगढ़ से १२.१५ बजे रवाना होकर १७.२० बजे बठिण्डा पहुंचेगी। तथा गाड़ी संख्या ०४७८३, बठिण्डा -सिरसा स्पेशल रेलसेवा दिनांक ०८.०६.२०२२ से प्रतिदिन बठिण्डा से १६.१० बजे रवाना होकर २१.३० बजे सिरसा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या ०४७८४, सिरसा- बठिण्डा स्पेशल रेलसेवा दिनांक ०६.०६.२०२२ से प्रतिदिन सिरसा से ०७.५० बजे रवाना होकर १०.०० बजे बठिण्डा पहुंचेगी।

# टिकट न मिलने पर छलका रेवती रमण का दर्द

रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रयागराज लौटने पर अपनों के बीच पहुंचे सपा के वरिष्ठ नेता बुधवार को रेवती रमण सिंह का राज्य सभा का टिकट नहल मिलने का दर्द छलक पड़ा। हालांकि, नए सियासी सफर को लेकर उन्होंने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। बड़ी संख्या में आवास पर पहुंचे समर्थकों संग उन्होंने अपनी नाराजगी साझा की। इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति उनके तेवर ज्यादा तल्ख रहे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब मुलायम सिंह यादव का दौर नहल रहा। पिछले चार चुनावों के नतीजे सामने हैं। अखिलेश यादव को हार की समीक्षा करनी चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है। कहा कि समर्थकों से राय के बाद निर्णय लेंगे। इस संबंध में जल्द ही बैठक की बात कही।

# 'अंतर्राष्ट्रीय रेल समपार जागरूकता दिवस' के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अंतर्राष्ट्रीय रेल समपार जागरूकता दिवस(ILCAD) के अवसर पर, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने अपर महाप्रबंधक रंजन यादव और अन्य अधिकारियों के साथ समपारों के बारे में संरक्षा जागरूकता प्रसारित करने के लिए एक मोबाइल वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय से रवाना किया।अगले ३५ दिनों के दौरान, यह मोबाइल वैन सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार संबंधी सुरक्षा सावधानियों के बारे में शिक्षित करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के ३ मंडलों में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों को कवर करेगी। टीवी और ऑडियो विजुअल सिस्टम वाली यह मोबाइल वैन स्कूलों, लेवल क्रॅसिगों , गांवों, पंचायतों, तहसीलों, आसपास के बाजारों आदि को कवर करेगी। वैन में जागरूकता प्रसारण के लिए कई लघु फिल्में बनाई गई हैं जिनमें 'लेवल क्रॅसिगों को सावधानी से कैसे पास करें' 'ट्रैक पर मवेशियों को ना ले जाने', 'ट्रेन की छत और फुट बोर्ड पर यात्रा ना करें','यात्रा के दौरान कभी भी अजनबी से खाने-पीने की चीजें स्वीकार नहीं करना', 'ट्रेन में ज्वलनशील सामग्री नहीं ले जाना' आदि जैसे विषयों को शामिल किया गया है। वैन की पूरी यात्रा के दौरान उत्तर मध्य रेलवे के सेफ्टी काउंसलर साथ रहेंगे और विषय की बेहतर समझ प्रसारित करने के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच पैम्फलेट पोस्टर और स्टिकर वितरित करेंगे।गौरतलब है कि 'अंतर्राष्ट्रीय रेल समपार जागरूकता दिवस लेवल क्रॅासिंग पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने की एक पहल है। यह अभियान २००६ में इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे (यूआईसी) द्वारा शुरू किया गया था। यूआईसी एक अंतरराष्ट्रीय रेलवे संगठन है जो दुनिया भर के रेल संगठनों द्वारा समर्थित है। प्रति वर्ष, लगभग ५० देश इस आयोजन में भाग लेते हैं, इसमें विभिन्न प्रकार की समपार संरक्षा प्रयासों और व्यवस्थाओं को दुनिया भर में समपारों पर दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से साझा किया जाता है।इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे कई अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इसमें सड़क उपयोगकर्ताओं के साथ वार्ता एवं काउंसलिंग शामिल है। इसके तहत उत्तर मध्य रेलवे के संरक्षा कर्मी लेवल क्रॅासिगों जाकर सड़क उपयोगकर्ताओं, गेटमैन के साथ बातचीत करेंगे और सुरक्षा सावधानियों के बारे में परामर्श करेंगे। सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, एसएमएस, रेडियो, टेलीविजन आदि के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा, रेल कामियों में संरक्षा की आदत डालने के लिए पूरे जोन के स्टेशनों, प्रशिक्षण केंद्रों पर संरक्षा सेमिनार भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर रैलियां और नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए गए।इस अवसर पर बोलते हुए श्री प्रमोद कुमार ने कहा कि "समपारों पर लापरवाही न केवल सुरक्षा के लिए खतरा है बल्कि समपारों से सुचारू रेल यातायात रूप में भी बाधा उत्पन्न होती है"। उन्होंने आगे कहा कि 'हम संपूर्ण भारतीय रेल में लेवल क्रासिंगों संरक्षा कर्मी उन्मूलन की प्रक्रिया में हैं और पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान ४६ आरयूबी और ८ आरओबी का निर्माण करके ६६ समपारों का समापन किया है साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में हमने ८० क्रॅासिंग को हटाने और ७० आरयूबी और १७ आरओबी का निर्माण करने का लक्ष्य रखा है।

इसमें से इस साल के पहले दो महीनों में ही ४ समपारों को बंद किया जा चुका है।कार्यक्रम के दौरान प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर समस्त प्रमुख विभागाध्यक्ष,अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा स्टाफ उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय रेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया बरेका के कार्य प्रबंधक श्री बी.पी.गुप्ता



रे.स.ब्यूरो./संवा. बनारस रेल इंजन कारखाना के कार्य प्रबंधक, मशीन एवं संयंत्र बी.पी. गुप्ता को आज भुवनेश्वर में आयोजित ६७वां राष्ट्रीय रेल सप्ताह पुरस्कार २०२२ के अवसर पर माननीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव ने रेल मंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया। जो बरेका के लिए बड़े ही गौरव की बात है।

गुप्ता द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य से मोजाम्बिक में रेल इंजनों को समय से निर्यातित किया जा सका। इनके द्वारा व्यय में मितव्ययिता, उत्पादकता में सुधार, आयात प्रतिस्थापन आदि क्षेत्र में नवीनता के साथ सराहनीय कार्य किये गये। विदित हो कि बरेका में मौजूदा लोकोमोटिव वेट ब्रिज केवल मीटर गेज और ब्राड गेज इंजनों के वजन के लिए ही था, जबकि मोजाम्बिक को निर्यात करने के लिए केप गेज के उच्च अश्व शक्ति लोकोमोटिव का आदेश प्राप्त हुआ था, उस समय केप गेज लोको तौल के लिए कोई वेट ब्रिज उपलब्ध नहीं था। इस कारण केप गेज लोको मोटिव के लिए उपयुक्त वेट ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया। यह कार्य बहुत ही चुनौतीपूर्ण व अभिनव था। गुप्ता के ईमानदार प्रयासों से घरेलू संसाधनों के साथ मौजूदा वेट ब्रिज के संशोधन में उत्कृष्ट कार्य किया और केप गेज के साथ-साथ मानक गेज और ब्राड गेज इंजनों के वजन के लिए वेट ब्रिज को उपयुक्त बनाया गया। यह काम बहुत कम समय में किया, जिससे मोजाम्बिक में इंजनों को समय से भेजा जा सका। इस नए नवोन्मेषी कार्य से नए तुला पुल की लागत में भी लगभग रु. ४६ लाख की बचत हुई। इसके अतिरिक्त, इनके द्वारा किये गये अन्य इनोवेटिव कार्यो से बरेका को करोड़ो रूपये की बचत हुई। पुरस्कार समारोह में उपस्थित बरेका की महाप्रबंधक अंजली गोयल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गुप्ता बरेका कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे एवं टीम बरेका निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक रेल इंजनों का निर्माण कर नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।



बनारस रेल इंजन कारखाना अतिथि गृह पहुंचने पर महाप्रबंधक सुश्री अंजलि गोयल ने माननीय राष्ट्रपति महोदय की अगवानी की।



अपने पुराने मित्र रेल समाचार ब्यूरो पत्र के प्रधान संपादक एवं जेडआरयूसीसी सदस्य श्री ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी ने मुझसे एवं जुबैद उर रहमान, साथी सदस्य, जेडआरयूसीसी उत्तर मध्य रेलवे से मुलाकात की और मिलकर हार्दिक प्रसन्नता जताते हुए रेल समाचार पत्र को देशव्यापी प्रचार, प्रसार, वितरण आदि पर व्यापक चर्चा की।



बीएलडब्लू की महाप्रबंधक अंजली गोयल सभा को सम्बोधित करते हुए।



आगरा रेल मण्डल प्रबन्धक श्री आनन्द स्वरूप से उनके कार्यालय में मीटिंग एवं आगरा फोर्ट, ईदगाह एवँ राजामंडी स्टेशनों के विकास, एक स्टेशन एक उत्पाद, यमुना नदी पर पुल निर्माण, रेल लाईन दोहरीकरण, तिहरीकरण परियोजनाओं पर चर्चा करते कृष्ण गौतम सदस्य।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/ अनिल केन
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040

आज़ादी का अमृत महोत्सव

देश की कामयाबी में भागीदार बनने का सुनहरा अवसर



**एक स्टेशन एक उत्पाद योजना का विशिष्ट आयोजन**

भारतीय हस्त उत्पाद एवं उससे जुड़े शिल्पकारों को एक सुदृढ़ बाजार उपलब्ध करने एवं उनके उत्पादों को आम लोगों तक पहुँचाने की दिशा में माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय रेलमंत्री की पहल पर चुनार रेलवे स्टेशन को चीनी मिट्टी के बर्तन व खिलौने के लिए, अलीगढ़ रेलवे स्टेशन को पीतल उत्पाद एवं ताले के लिए तथा टूंडला रेलवे स्टेशन को काँच उत्पाद के लिए बिक्री एवं सहप्रचार केन्द्र के रूप में नामित किया गया है।

नोट : OSOP स्टाल का आवंटन रेलवे बोर्ड द्वारा जारी वाणिज्य परिपत्र संख्या 12 of 2022 दिनांक 20.05.2022 के दिशानिर्देश के अनुसार सुनिश्चित किया जायेगा।

**योजना के लाभ**

इस व्यवसाय से जुड़े उद्यमों के विकास के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।

रेल यात्रियों के लिए स्थानीय उत्पाद स्टेशन पर उपलब्ध होंगे।

योजना के अंतर्गत मात्र ₹1000/- के भुगतान पर 15 दिनों हेतु चुनार, अलीगढ़ एवं टूंडला रेलवे स्टेशन पर स्टॉल आवंटित किया जाएगा।

**इच्छुक व्यक्ति/संस्थाएं अपना आवेदन निम्न प्रमाण पत्र के साथ स्टेशन अधीक्षक, चुनार, अलीगढ़ एवं टूंडला उ.म.रे. के कार्यालय में दिनांक 07.06.2022 समय 12:00 बजे तक प्रस्तुत करें/जमा करें।**

अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी के माध्यम से आवंटन किया जाएगा।

इस योजना से सम्बंधित किसी भी जानकारी हेतु श्री पंकज कुमार रजक, वाणिज्य निरीक्षक/एनएफआर, मंडल कार्यालय, प्रयागराज (मो. नं. 8108939043) अथवा वाणिज्य निरीक्षक/टूंडला (मो. नं. 9794837321) एवं अलीगढ़ (मो. नं. 9794837282) से भी संपर्क कर सकते हैं।

**योजना में कौन भाग ले सकता है**

विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगर/बुनकर, आईडी कार्ड धारक

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा वोक्स निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) आदि में नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार

पीएमईजीपी (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह

समाज में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग

ONE STATION ONE PRODUCT
एक स्टेशन एक उत्पाद

664/22 (RD)

www.ncr.indianrailways.gov.in
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल
गतिशीलता ही हमारी पहचान...
North Central Railways
@CPRONCR